Bareilly, Tuesday,
9 June 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.00/-
Pages 13

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO.- 04 : MIDDLE

# राष्ट्रीय पदक जीतने पर टीटी टीम हुई सम्मानित

P.IC: DAINIK JAGRAN INEXT




● बुके देकर किया गया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (8 June):** एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में यूपी की महिला टेबल टेनिस टीम के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया. नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पहली बार ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली महिला टीम की पांच सदस्यों, आरती चौधरी, अवनी त्रिपाठी, दिशा, अंबिका गुप्ता और एलोना मिश्रा, को 6-6 हजार रुपये का कैश प्राइज दिया गया. इसके अलावा, विमेंस डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली आरती चौधरी और अवनी त्रिपाठी को अलग से 30 हजार रुपये का पुरस्कार मिला. टीम के कोच पराग अग्रवाल और सौरभ पोद्दार को भी 5-5 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया. एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति और यूपीटीटीए के सेक्रेटरी अरुण बनर्जी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया.